**मनमानी** — विजयराघवगढ़ क्षेत्र से प्रतिदिन निकल रहे सौ से अधिक रेत से भरे डंपर, सिर्फ ट्रैक्टरों पर कार्रवाई

# रेत का अवैध खनन और परिवहन जारी

**नवभारत, कटनी।** जिले के विजयराघवगढ़ क्षेत्र में बहने वाली जीवनदायिनी महानदी एक बार फिर रेत माफियाओं के चंगुल में फंस गई है। स्थानीय प्रशासन के दावों और सरेंडर के आदेशों को ठेंगा दिखाते हुए विजयराघवगढ़ क्षेत्र से प्रतिदिन 100 से 150 डंपर अवैध रेत का बेखौफ उत्खनन और परिवहन किया जा रहा है। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि जहां एक ओर आम जनता और स्थानीय किसानों पर कानून का डंडा चलाया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर रसूखदार रेत माफिया प्रशासन की नाक के नीचे करोड़ों का वारा न्यारा कर रहे हैं। कुछ समय पहले प्रशासन की ओर से महानदी की सभी रेत खदानों को सरेंडर करने का फरमान जारी किया गया था। इसके बाद स्थानीय लोगों और किसानों द्वारा ट्रैक्टर-ट्रॉलियों से रेत निकालने पर सख्त कार्रवाई की गई। पुलिस और प्रशासन ने सक्रियता दिखाते हुए सैकड़ों ट्रैक्टरों को जब्त किया और भारी जुर्माने लगाए। लेकिन विडंबना है कि आम आदमी को अपने निजी मकान निर्माण के लिए एक ट्रॉली रेत नसीब नहीं हो रही है, वहीं प्रशासन के कथित कृपापात्र माफियाओं के डंपर रात-दिन मुख्य मार्गों से फर्राटे भर रहे हैं। मुख्य मार्ग से अधूरे अतिक्रमण हटने के बाद से इस अवैध कारोबार में और तेजी आ गई है। इस पूरे खेल के कारण क्षेत्र में रेत की कृत्रिम किल्लत पैदा कर दी गई है। मजबूरन आम जनता को अपने घर और मकान के निर्माण के लिए आठ हजार प्रति ट्रॉली की दर से महंगे दामों पर रेत खरीदनी पड़ रही है। प्रशासनिक मिलीभगत की चर्चा स्थानीय स्तर पर यह बात जन-चर्चा का विषय बनी हुई है कि बिना स्थानीय प्रशासन, खनिज विभाग और पुलिस की शह के इतना बड़ा नेटवर्क नहीं चल सकता। करोड़ों की राजस्व हानि इस अवैध उत्खनन से मध्य प्रदेश शासन को हर दिन लाखों और महीने में करोड़ों रुपए के राजस्व का नुकसान हो रहा है। इस पूरे मामले में क्षेत्र के रसूखदार जनप्रतिनिधियों और नेताओं ने रहस्यमयी चुप्पी साध रखी है, जो उनकी भूमिका पर भी बड़े सवाल खड़े करती है। कोई गरीब अपने घर की मरम्मत के लिए ट्रैक्टर से सूखी रेत ले आए, तो उसे चोर बताकर गाड़ी जब्त कर ली जाती है। लेकिन रसूखदारों के 150-150 डंपर रोज निकल रहे हैं, उन्हें देखने वाला कोई नहीं है। यह पूरी तरह से दोहरा मापदंड और भ्रष्टाचार है। जिला प्रशासन और वरिष्ठ अधिकारी विजयराघवगढ़ में चल रहे इस संगठित अवैध रेत कारोबार पर संज्ञान लेंगे। क्षेत्र की जनता अब कलेक्टर और एसपी से इस मामले में निष्पक्ष जांच और दोषियों के खिलाफ सख्त दंडात्मक कार्रवाई की मांग कर रही है।



## पीएम राहत योजना से डेढ़ लाख रूपए तक इलाज

**नवभारत, कटनी।** भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना पीएम राहत योजना लागू की गई है। योजना के तहत सड़क दुर्घटना पीड़ित व्यक्ति को डेढ़ लाख तक मुफ्त ईलाज सरकारी और चिन्हित प्रायवेट अस्पतालों में मिलेगा। भारत में प्रतिवर्ष सड़क दुर्घटना में बहुत अधिक संख्या में मौतें होती है, जिनमें से अनेक को समय पर चिकित्सकीय सहायता प्रदान कर टाला जा सकता है। यदि दुर्घटना पीड़ितों को पहले एक घंटे के भीतर अस्पताल में भर्ती करा दिया जाए, तो लगभग 50 प्रतिशत मौतों को टाला जा सकता है। सड़क दुर्घटना पीड़ित, राह-वीर या दुर्घटना स्थल पर उपस्थित कोई भी व्यक्ति 112 डायल करके निकटतम नामित अस्पताल की जानकारी प्राप्त कर सकता है और एम्बुलेंस सहायता लें सकता है। पीएम राहत योजना अन्तर्गत किसी भी श्रेणी की सड़क पर हुई दुर्घटना के प्रत्येक पात्र पीड़ित को दुर्घटना की तिथि से 7 दिनों की अवधि तक प्रति व्यक्ति 1 लाख 50 हजार रूपये तक का कैशलेस उपचार प्रदान करने का प्रावधान है।



## मोबाइल चोरों, जेबकतरों, चैन स्नेचरों को पकड़ें

**नवागत रेल पुलिस अधीक्षक ने थाना प्रभारियों को दिए निर्देश**

**नवभारत, कटनी।** जबलपुर रेल मंडल के नवागत रेल पुलिस अधीक्षक सुंदर सिंह कनेर ने जीआरपी थाने का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पुलिस बल की कार्यप्रणाली का जायजा लिया गया। एसपी कनेर ने ट्रेनों और स्टेशन परिसर में बढ़ते अपराधों, विशेषकर मोबाइल चोरी और चेन स्नेचिंग की घटनाओं पर चिंता व्यक्त करते हुए सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। रेल पुलिस अधीक्षक सुंदर सिंह कनेर ने कटनी को एक महत्वपूर्ण और विशाल रेलवे जंक्शन बताया। उन्होंने कहा कि यहां 13 प्लेटफॉर्म हैं और चौबीसों घंटे ट्रेनों की आवाजाही रहती है। काफी संख्या में यात्रियों के आवागमन के कारण मुसाफिरों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। रेल एसपी ने जीआरपी को निर्देश दिए कि ट्रेनों और प्लेटफॉर्म पर सक्रिय मोबाइल चोरों, जेबकतरों और चेन स्नेचरों की पहचान के लिए विशेष अभियान चलाया जाए। उन्होंने मुखबिर तंत्र को मजबूत करने पर जोर दिया। थाना परिसर में एक उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक भी आयोजित की गई। इसमें एसपी ने कटनी के साथ-साथ सतना, मैहर, रीवा, दमोह, सागर और शहडोल सहित विभिन्न जिलों के रेल थाना प्रभारियों के साथ चर्चा की। बैठक के दौरान एसपी ने सभी थाना प्रभारियों को बताया कि रेल अपराध किसी एक जिले तक सीमित नहीं होते। उन्होंने सभी थानों के बीच आपसी तालमेल को अनिवार्य बताते हुए अपराधियों के मूवमेंट और तौर-तरीकों की जानकारी तत्काल साझा करने के निर्देश दिए, ताकि किसी भी वारदात पर कार्रवाई की जा सके। एसपी ने आउटर क्षेत्रों की सुरक्षा पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए।

### एक नजर में

## फीडबैक देकर स्वच्छ और सुंदर बनाए शहर

**नवभारत, कटनी।** स्वच्छता केवल सफाई का विषय नहीं, बल्कि एक स्वस्थ, सुंदर और व्यवस्थित शहर की पहचान है। इसी सोच को साकार करने के उद्देश्य से देशव्यापी स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 का शुभारंभ हो चुका है। यह अभियान देश के शहरों की स्वच्छता व्यवस्था, कचरा प्रबंधन, नागरिक सहभागिता और जन जागरूकता का सबसे बड़ा मूल्यांकन माना जाता है। इस बार सर्वेक्षण में नागरिकों की सक्रिय भागीदारी को विशेष महत्व दिया गया है, क्योंकि शहर की रैंकिंग अब केवल प्रशासनिक व्यवस्थाओं से नहीं बल्कि आमजन के फीडबैक और सहयोग से तय होगी। नगर निगम द्वारा शहर को स्वच्छ, सुंदर और व्यवस्थित बनाने के लिए लगातार व्यापक स्तर पर अभियान संचालित किए जा रहे हैं। नियमित सफाई व्यवस्था, डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण, गीले एवं सूखे कचरे का पृथक्करण, सार्वजनिक स्थलों की साफ-सफाई, प्रमुख मार्गों की विशेष सफाई तथा जन जागरूकता गतिविधियों के माध्यम से शहर को स्वच्छता की दिशा में नई पहचान दिलाने का लगातार प्रयास किया जा रहा है। नगर निगम का मानना है कि जब तक नागरिक स्वच्छता अभियान का हिस्सा नहीं बनेंगे, तब तक शहर स्थायी रूप से स्वच्छ नहीं बनेगा।

## हादसे की आशंका पर हटाया गया भवन का जर्जर हिस्सा

**नगर निगम द्वारा चलाया जा रहा है अभियान**



**नवभारत, कटनी।** नगर निगम द्वारा शहर वासियों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए वर्षा पूर्व नगर के जर्जर, खतरनाक भवनों के खिलाफ लगातार प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। गुरुवार को शहर के मुख्य और व्यस्त बाजार क्षेत्र सुभाष चौक स्थित एक भवन के अत्यधिक जर्जर और जोखिमपूर्ण हिस्से को हटाने की कार्रवई की गई है। नगर निगम के कार्यपालन यंत्री अंशुमान सिंह ने बताया कि भवन का हिस्सा लंबे समय से क्षतिग्रस्त और कमजोर स्थिति में था, जिससे आमजन और राहगीरों की सुरक्षा को खतरा उत्पन्न होने की आशंका बनी हुई थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए निगम प्रशासन की टीम ने मौके पर पहुंचकर आवश्यक सुरक्षा प्रबंध करने और तकनीकी निरीक्षण के बाद जर्जर हिस्से को सावधानीपूर्वक हटाने की कार्रवाई की गई। कार्यपालन यंत्री ने बताया कि नगर निगम द्वारा लगातार ऐसे भवनों का चिन्हित किया गया गया है जो जर्जर हैं और बारिश के दौरान गिर सकते हैं। ऐसे भवनों के जर्जर हिस्सों को हटाया जा रहा है, ताकि बारिश के दौरान किसी तरह का हादसा नहीं हो। नगर निगम के कार्यपालन यंत्री ने बताया कि जनहित में कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

## आमने-सामने टकराए हाइवा और डंपर, एक की मौत, तीन गंभीर घायल

**बड़वारा थाना क्षेत्र में नैगवां के पास हुआ हादसा**



**नवभारत, कटनी।** बड़वारा थाना अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग 43 पर नैगवा गांव के पास गुरुवार को हाइवा और डंपरों में आमने-सामने भिड़ंत हो गई। हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों वाहनों के केबिन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए और घायल उनमें फंस गए थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हादसा गुरुवार को तब हुआ जब उमरिया से कटनी की ओर जा रहा एक लोडर ट्रक और कटनी से आ रहा एक हाइवा ट्रक आपस में टकरा गए। भिड़ंत की आवाज इतनी तेज थी कि आसपास के ग्रामीण और राहगीर मौके पर जमा हो गए। हादसे के बाद हाईवे पर दोनों ओर से वाहनों की आवाजाही बाधित हो गई। घटना की सूचना मिलते ही बड़वारा थाना प्रभारी केके पटेल अपनी टीम के साथ तत्काल मौके पर पहुंचे। पुलिस ने स्थानीय लोगों की सहायता से राहत और बचाव कार्य शुरू किया। ट्रकों के केबिन में फंसे घायलों को काफी मशक्कत के बाद सुरक्षित बाहर निकाला गया। थाना प्रभारी ने बताया कि सभी घायलों को तत्काल पुलिस वाहन और एम्बुलेंस से स्वास्थ्य केंद्र बड़वारा ले जाया गया। प्राथमिक इलाज के बाद, उनकी गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल कटनी रेफर कर दिया।

पुलिस के अनुसार हादसे में जिस युवक की मौत हुई है वह विजयराघवगढ़ क्षेत्र निवासी राजेंद्र कोल है और ट्रक का क्लीनर था। हादसे की सूचना पर पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मृतक के शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा की कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शुरूआत में हादसे कारण तेज रफ्तार मानी जा रही है।

## स्प्रिचुअल रीजनरेशन मूवमेंट फाउडेंशन ऑफ इंडिया के नाम किया गया नामांतरण निरस्त

**अपर कलेक्टर न्यायालय ने जारी किया आदेश**

**नवभारत,कटनी।** ढीमरखेड़ा तहसील के ग्राम बम्हौरी में बिना किसी सक्षम सरकारी आदेश और बिना कलेक्टर की अनुमति के लाखों रुपए की 11 एकड़ (4.49 हेक्टेयर) सरकारी जमीन को संस्था के नाम दर्ज कराने का मामला सामने आया है। अपर कलेक्टर न्यायालय ने महर्षि महेश योगी द्वारा स्थापित संस्था 'स्प्रिचुअल रीजनरेशन मूवमेंट फाउंडेशन ऑफ इंडिया' के नाम किया गया पूरा नामांतरण निरस्त कर दिया है। कोर्ट ने इस बेशकीमती जमीन को दोबारा मध्य प्रदेश शासन के खाते में दर्ज करने का आदेश जारी किया है। अपर कलेक्टर कोर्ट में सुनवाई के दौरान संस्था की ओर से सिहोरा निवासी मुख्तियार सुरेंद्र तिवारी उपस्थित हुए थे। संस्था और सुरेंद्र तिवारी की ओर से दलील दी गई कि उन्होंने वर्ष 2007 में यह जमीन बकायदा रजिस्ट्री कराकर खरीदी थी, इसलिए वे सद्भावी क्रेता हैं। मध्य प्रदेश भू-राजस्व संहिता के स्पष्ट नियम हैं कि शासकीय घास मद या गरीबों को मिले शासकीय पट्टे की अहस्तांतरणीय जमीन को बिना जिला कलेक्टर की पूर्व अनुमति के खरीदा या बेचा नहीं जा सकता। ऐसे में सवाल उठना लाजमी है कि सुरेंद्र तिवारी और संस्था के प्रबंधकों ने बिना किसी अनुमति के इस विवादित जमीन की रजिस्ट्री कैसे करा ली। खसरा नंबर 164 जो कि शंकरलाल के नाम पर शासकीय पट्टे के रूप में दर्ज था, उसके वारिस बसंत ने कोर्ट में उपस्थित होकर स्पष्ट बयान दिया कि उनके परिवार ने यह जमीन कभी संस्था या किसी अन्य को बेची ही नहीं। जांच में यह भी साफ हुआ है कि इस पूरे मामले को दबाने और संस्था का नाम रिकॉर्ड में बनाए रखने के लिए हल्का पटवारी ने भी नियमों का उल्लंघन किया। साल 2024 में तहसीलदार कोर्ट ने किसी अन्य खसरा नंबरों के सुधार का आदेश दिया था, लेकिन पटवारी ने उस आदेश की आड़ लेकर विवादित खसरा नंबर 143 और 164 के कॉलम नंबर 12 में हेरफेर कर संस्था का नाम स्थायी रूप से दर्ज कर दिया था। अपर कलेक्टर कोर्ट ने सभी दस्तावेजों और जांच रिपोर्टों का गहराई से अध्ययन करने के बाद माना कि यह पूरा नामांतरण पूरी तरह अवैध और बिना किसी सक्षम अधिकारी के आदेश के किया गया था। कोर्ट ने निर्देश दिए हैं कि खसरा नंबर 143 और खसरा नंबर 164 को स्प्रिचुअल रीजनरेशन मूवमेंट फाउंडेशन ऑफ इंडिया के नाम से विलोपित कर दोबारा शासकीय मद में दर्ज किया जाए और राजस्व रिकॉर्ड दुरुस्त किया जाए।



## लू से बचाव के लिए एडवायजरी जारी

**नवभारत, कटनी।** मौसम विभाग द्वारा जिले में बढ़ते हुये तापमान के मद्देनजर भीषण लू की संभावना व्यक्त किया गया है। लोगों के स्वास्थ्य हित को देखते हुए गर्मी के प्रकोप से बचाव के लिए जिला प्रशासन द्वारा एडवायजरी जारी की गई है। वरिष्ठ चिकित्सक और ढीमरखेड़ा के बीएमओ डॉ बीके प्रसाद ने बताया कि ग्रीष्म ऋतु में लू लगने से गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं। वृद्ध, बच्चे, खिलाड़ी, धूप में काम करने वाले श्रमिक सर्वाधिक खतरे में रहते हैं। पसीना न आना, गर्म-लाल और शुष्क त्वचा, मतली, सिरदर्द, थकान, चक्कर आना, उल्टियां होना, बेहोश हो जाना एवं पुतलियां छोटी हो जाना लू के प्रमुख लक्षण और संकेत हैं। लोगों से कहा गया है कि गर्मी व लू से बचाव के लिए खूब पानी पिएं व खाली पेट नहीं रहें, शराब और कैफीन के सेवन से बचें, ठंडे पानी से नहाएं, सर ढ़कें और हल्के रंग के ढीले, पूरी बांह के कपड़े पहनें, बच्चों को बंद वाहनों में अकेला नहीं छोड़ें, दिन में दोपहर 12 से शाम 4 बजे के बीच यथा संभव बाहर जाने से बचें, धूप में नंगे पांच नहीं न चलें, बहुत अधिक भारी कार्य नहीं करें। बाहर निकलने छतरी और धूप के चश्मे लगाएं।

## जल संकट गहराया, वार्डों में टैंकरों से पेयजल सप्लाई

**पेयजल संकट वाले वार्डों में कराई जा रही व्यवस्था**




**नवभारत, कटनी।** वर्तमान में पड़ रही भीषण गर्मी और बढ़ती जल आवश्यकता को दृष्टिगत रखते हुए नगर पालिक निगम कटनी द्वारा नगर वासियों को नियमित, सुचारू पेयजल आपूर्ति उपलब्ध कराने के लिए सतत प्रयास किए जा रहे हैं। निगम प्रशासन द्वारा जल प्रदाय व्यवस्था की लगातार मॉनिटरिंग कर विभिन्न क्षेत्रों में उत्पन्न होने वाली समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण कराया जा रहा है। कार्यपालन यंत्री सुधीर मिश्रा जल प्रदाय शाखा ने बताया कि विद्युत आपूर्ति बाधित होने, बोर के जलस्तर में कमी आने और पाइप लाइन लीकेज जैसी आकस्मिक परिस्थिति निर्मित होने के कारण कहीं भी पेयजल आपूर्ति प्रभावित होने पर निगम प्रशासन द्वारा तत्काल संबंधित क्षेत्रों में पेयजल टैंकर भेजकर वैकल्पिक व्यवस्था की जा रही है। इसके साथ ही निगम प्रशासन द्वारा गठित तकनीकी टीमों के माध्यम से पाइप लाइन लीकेज और अन्य तकनीकी समस्याओं का तत्काल निराकरण कराया जा रहा है।

## बिना नंबर, बगैर ई-टीपी और ओवरलोड वाहनों को किया गया जब्त

**जिला प्रशासन की टीम ने की कार्रवाई**



**नवभारत,कटनी।** जिले में अवैध खनिज परिवहन और ओवरलोडिंग के विरुद्ध जिला प्रशासन ने कार्रवाई कर दो ओवरलोड वाहनों को जब्त कर लिया है। कलेक्टर आशीष तिवारी के सख्त निर्देशों के बाद खनिज विभाग ने गुरुवार को शहर के प्रमुख एंट्री पॉइंट्स, बाईपास मार्गों और संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष सघन जांच अभियान चलाकर खनिज माफियाओं में हड़कंप मचा दिया। राज्य शासन की 'जीरो टॉलरेंस' नीति के तहत चलाए गए इस अभियान में बिना नंबर प्लेट, बिना वैध दस्तावेज और ओवरलोड खनिज परिवहन करने वाले वाहनों पर सख्त कार्रवाई की गई। खनिज अमले ने पौसरा बाईपास पर घेराबंदी कर डस्ट से लदे एक संदिग्ध वाहन को रोका। जांच के दौरान वाहन पर नंबर प्लेट नहीं मिली और चालक कोई वैध ई-ट्रांजिट पास प्रस्तुत नहीं कर सका। नियमों का खुला उल्लंघन पाए जाने पर वाहन को तत्काल जब्त कर सुरक्षित अभिरक्षा में रखा गया। इसी क्रम में ग्राम चाका के आगे चाका बाईपास पर गिट्टी से भरे एक भारी वाहन की जांच की गई। निरीक्षण में वाहन निर्धारित क्षमता से अधिक खनिज परिवहन करते पाया गया। ओवरलोडिंग की पुष्टि होते ही वाहन को जब्त कर थाना कुठिला की अभिरक्षा में सौंप दिया गया। प्रशासन अब सिर्फ मैन्युअल जांच तक सीमित नहीं है, बल्कि आधुनिक तकनीक के जरिए भी अवैध परिवहन पर कड़ी नजर रखी जा रही है। सुरखी टैंक के पास स्थापित हाईटेक 'ई-चेक गेट' सिस्टम के माध्यम से मुख्य मार्गों से गुजरने वाले वाहनों की रीयल-टाइम मॉनिटरिंग की जा रही है।

## शतरंज प्रतियोगिता 31 को

**नवभारत, कटनी।** जिला शतरंज संघ द्वारा शहर के होटल द अरिंदम में जीएच रायसोनी मेमोरियल ऑल इंडिया ओपन शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन 31 मई को किया जा रहा है। प्रतियोगिता सुबह 9 बजे से प्रारंभ होकर शाम 7 बजे तक चलेगी। प्रतियोगिता के आयोजन विधायक संदीप जायसवाल, कलेक्टर आशीष तिवारी, एवं पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा अतिथि के रूप में शामिल होंगे। प्रतियोगिता का शुभारंभ सुबह 9 बजे से होगा।


### आम सूचना

मैं **रविन्द्र चौदहा** आत्मज श्री जीवनदास जी चौदहा निवासी- महात्मा गांधी वार्ड कटनी तहसील व जिला कटनी म.प्र. वाले ने बी.के.सुशीला धनवानी पुत्री श्री 2 कटनी स्थित भूमि निवासी-न्यू ए.सी.सी. कालोनी माधव नगर कटनी से महात्मा गाँधी वार्ड स्थित भूमि म्यू.मकान नंबर-267 का अंशभाग का सौदा दिनांक-24/12/2025 को 20,00,000/- रू. अंकन बीस लाख रूपये मे तय कर लिया है एवं एडवांस राशि 51,000/-रू. अंकन इंक्यावन हजार नगद एवं 5 लाख रू. जरिए चैक कमांक- 422811 के माध्यम से प्रदान कर दिया है। राशि प्रदान करने के उपरांत बी.के.सुशीला धनवानी विकेता ने उपरोक्त परिसर का कब्जा रविन्द्र चौदहा को दे दिया है जिसका उपयोग रविन्द्र चौदहा कर रहे है। उपरोक्त परिसर पर बिजली मीटर सुशीला धनवानी के नाम पर लगा हुआ है। बी.के.सुशीला धनवानी ने श्रीमति सविता वर्मा पत्नि डॉ. फूलचंद वर्मा महात्मा गाँधी वार्ड कटनी से सहमति इस वावद ली थी कि उपरोक्त परिसर का सौदा कर विकय रविन्द्र चौदहा के पक्ष मे कर दिया जायेगा तथा संपूर्ण जबाबदारी श्रीमति सविता वर्मा धर्मपत्नि डॉ.फूलचंद वर्मा से उपरोक्त परिसर के संबंध मे सहमति प्राप्त कर विक्रयपत्र निष्पादित करवाने की बी.के.सुशीला धनवानी की होगी एवं स्वयं रजिस्ट्री करवाने हेतु जबाबदार रहेगे एवं सौदे की शेष राशि वक्त रजिस्ट्री रविन्द्र चौदहा बी.के.सुशीला धनवानी को अदा करेगे एवं बी.के.सुशीला धनवानी के न रहने पर भी उसके वारिसान उपरोक्त सौदा अनुसार विकय डीड निष्पादित करायेगे और तयशुदा शेष राशि प्राप्त करने के अधिकारणी रहेगे। उक्त वर्णित सौदे का साईज लगभग 20 फूट चौड़ाई व 40 फुट लंबाई कुल 800 वर्गफुट है। उपरोक्त सौदा मे जितने भाग पर बी.के.सुशीला काबिज थी बिना कुछ बचाये संपूर्ण परिसर का सौदा तय है जो सदैव सदैव के लिए तय है किसी भी सूरत मे सौदा केन्सिलव मनसूख नही होगा। कब्जा सदा सदैव के लिए रविन्द्र चौदहा एवं उनके परिवारजनों का होगा। उपरोक्त संबंध मे किसी भी पक्ष को यदि कोई आपत्ति है तो सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर रविन्द्र चौदहा के रहवासी स्थान महात्मागाँधी वार्ड देश गुप्ता गली मो. नं.7000876144 मे लिखित रूप से आपत्ति प्रस्तुत कर उसका निराकरण करा सकते है वाद अवधि किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नही होगी न ही भविष्य मे उसकी सुनवाई होगी।

**कटनी/ दिनांक-28/ 05/2026**

भवदीय

रविन्द्र चौदहा आत्मज श्री जीवनदास चौदहा
निवासी- महात्मागाँधी वार्ड, जिला कटनी म.प्र.
मो.नं. 7000876144


**उपलब्धि** — स्वच्छता सर्वेक्षण 2025-26 में सिटीजन फीडबैक के माध्यम से दोनों परिषदों ने रचा इतिहास

# स्वच्छता में प्रदेश में नंबर वन पर कैमोर नगर परिषद, दूसरे स्थान पर विजयराघवगढ़

**नवभारत, कटनी।** स्वच्छता के राष्ट्रीय अभियान स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 में कटनी जिले की नगर परिषद कैमोर और विजयराघवगढ़ ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पूरे प्रदेश में अपनी अलग पहचान बना ली है। वर्ष 2011 की जनगणना के आधार पर 20 हजार से कम आबादी वाले शहरों की श्रेणी में सिटिजन फीडबैक के मामले में वर्तमान स्थिति में कैमोर नगर परिषद मध्यप्रदेश में पहले स्थान पर पहुंच गई है, जबकि विजयराघवगढ़ ने दूसरा स्थान हासिल कर जिले को गौरवान्वित किया है।

कैमोर नगर परिषद के 71.18 प्रतिशत नागरिकों यानी 13 हजार 769 लोगों ने ऑनलाइन सिटिजन फीडबैक दर्ज कराया है, जो कि 20 हजार की आबादी वाले नगर की श्रेणी में प्रदेश में सबसे अधिक है। वहीं नगर परिषद विजयराघवगढ़ के 63.64प्रतिशत यानी 5 हजार 327 नागरिकों ने स्वच्छता के समर्थन में अपनी सकारात्मक प्रतिक्रिया देकर शहर को प्रदेश में दूसरा स्थान दिलाया है। यह उपलब्धि सिर्फ आंकड़ों की सफलता नहीं, बल्कि नागरिक जागरूकता, प्रशासनिक सक्रियता और स्वच्छता के प्रति सामूहिक जिम्मेदारी का जीवंत उदाहरण बनकर सामने आई है। बीते दिनों कैमोर और विजयराघवगढ़ के दौरे पर पहुंचे कलेक्टर आशीष तिवारी ने जनप्रतिनिधियों, स्वच्छता मित्रों और आम नागरिकों से संवाद कर अधिक से अधिक सिटिजन फीडबैक देने की अपील की थी। कलेक्टर ने स्वच्छ सर्वेक्षण को केवल प्रतियोगिता नहीं, बल्कि शहर की पहचान और नागरिक संस्कार से जुड़ा अभियान बताया था। प्रवास के दौरान कलेक्टर ने कैमोर में नालियों के पानी को ट्रीट कर पार्कों में पेड़-पौधों की सिंचाई तथा फाउंटेन संचालन के लिए विकसित की गई ग्रे-वाटर ट्रीटमेंट फेसिलिटी का अवलोकन भी किया। इसके साथ ही उन्होंने नगर के आकर्षक सौंदर्यीकरण, भित्ति चित्रकारी और आरआरआर पार्क निर्माण कार्यों की सराहना की।



कलेक्टर आशीष तिवारी ने जिले की नगर निगम सहित नगर परिषद कैमोर, विजयराघवगढ़ और बरही के नागरिकों से कहा है कि 31 मई तक स्वच्छता से जुड़े प्रश्नों पर सही और सकारात्मक फीडबैक देकर अपने शहरों को राष्ट्रीय स्तर पर बेहतर रैंक दिलाने में सहयोग करें।

उन्होंने कहा कि स्वच्छ सर्वेक्षण सिर्फ सफाई व्यवस्था का मूल्यांकन नहीं, बल्कि नागरिकों की जागरूकता, सहभागिता और शहर के प्रति जिम्मेदारी का प्रतिबिंब है।

सर्वेक्षण के दौरान मोबाइल कॉल, ऑनलाइन प्लेटफॉर्म और अन्य माध्यमों से नागरिकों की प्रतिक्रिया ली जा रही है।

कैमोर और विजयराघवगढ़ के सीएमओ मनीष परते ने इस सफलता का श्रेय नागरिकों की डिजिटल जागरूकता, सफाई मित्रों की मेहनत और प्रशासन की सतत मॉनिटरिंग को दिया है।

## छात्र लापता, अपहरण का संदेह

**परिजनों ने पुलिस अधीक्षक से की शिकायत, कार्रवाई की मांग**

**नवभारत, कटनी।** स्लीमनाबाद थाना अंतर्गत क्षेत्र से एक 11वीं कक्षा का छात्र के लापता होने पर उसके परिजनों ने अपहरण का संदेह जताया है। परिजनों ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय में शिकायत कर लापता छात्र की खोजबीन करने और अपहरण करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है। भीम आर्मी भारत एकता मिशन के पदाधिकारियों के साथ पीड़ित पिता ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र सौंपकर कार्रवाई और संदेहियों से पूछताछ की मांग की है। 27 मई 2026 को दिए गए आवेदन के अनुसार स्लीमनाबाद निवासी महेंद्र चौधरी का नाबालिग पुत्र 11वीं कक्षा का छात्र है, बीते 25 मई 2026 को दोपहर करीब ढाई बजे से अचानक लापता है। परिजनों ने काफी खोजबीन की, लेकिन उसका कहीं कोई पता नहीं चला। इसके बाद परिजनों द्वारा 26 मई 2026 को स्लीमनाबाद थाने में गुमशुदगी की प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराई गई। मामले की जांच शुरू कर दी गई है। लापता छात्र के पिता महेंद्र चौधरी ने पुलिस को दिए आवेदन में आरोप लगाया है कि जिस दिन उनका बेटा लापता हुआ, उसी दिन दोपहर में उसके कुछ दोस्त घर पर पैसा लेने आए थे। इसके बाद से ही छात्र अचानक गायब हो गया। परिजनों को आशंका है कि इन दोस्तों का छात्र के लापता होने में सीधा हाथ हो सकता है। घर आने वाले दोस्तों से पूछताछ की मांग की गई है।